<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

# 37वीं एजीएम: इरेडा ने रिकॉर्ड वित्तीय उपलब्धियां हासिल कीं, भविष्य की विकास योजनाओं की रूपरेखा तैयार की




नई दिल्ली, 24 जून 2024

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने आज नई दिल्ली स्थित अपने कॉर्पोरेट कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपनी 37वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) आयोजित की । बैठक की अध्यक्षता इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने की और इसमें बोर्ड के सभी निदेशकों और कई शेयरधारकों ने भाग लिया ।

अपने संबोधन में, श्री दास ने इस वार्षिक आम बैठक के महत्व के बारे में प्रकाश डाला, क्योंकि यह नवंबर 2023 में इरेडा के सफलतापूर्वक आईपीओ जारी होने के बाद आयोजित पहली आम बैठक है। उन्होंने कहा कि, "इरेडा ने वित्तीय वर्ष 24 में 37,354 करोड़ रुपये की अपनी अब तक की सबसे अधिक मंजूरी और 25,089 करोड़ रुपये का संवितरण हासिल किया है । कंपनी ने वित्तीय वर्ष 24 के लिए 1,252 करोड़ रुपये का अब तक का सबसे अधिक कर पश्चात लाभ (पीएटी) भी दर्ज किया, जोकि वित्तीय वर्ष 23 की तुलना में लगभग 45% की वृद्धि को दर्शाता है। इरेडा ने 19 दिनों के अंतर्गत अपने वार्षिक लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम प्रकाशित किया है, जोकि भारत के बैंकिंग और एनबीएफसी क्षेत्र में सबसे शीघ्र है।"

श्री दास ने इरेडा की रणनीतिक विजन को रेखांकित किया, जिसमें व्यवसाय के विकास, उधार अनुकूलन और सतत विकास का समर्थन करने के लिए परिचालन मॉडल को सुव्यवस्थित करने पर जोर दिया गया । उन्होंने ई-मोबिलिटी, इथेनॉल, ग्रीन हाइड्रोजन और डेरिवेटिव्स जैसे उभरते क्षेत्रों को विस्तार करने, अंतर्राष्ट्रीय ऋण लाइनों का उपयोग करने और डिजिटलीकरण और स्वचालन के माध्यम से उधारकर्ता के अनुभव को बढ़ाने के महत्व के बारे में रेखांकित किया।




इरेडा का लोन बुक पिछले तीन वर्षों के दौरान 33% की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ी है, जबकि पीएटी में लगभग 41% की सीएजीआर से वृद्धि हुई है । वित्तीय वर्ष 24 के दौरान कंपनी का नेटवर्थ 8,559 करोड़ रुपये थी, जिसमें 20.11% का मजबूत पूंजी-जोखिम-भारित परिसंपत्तियां अनुपात (सीआरएआर) शामिल है । वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट की गैर-जीवाश्म ईंधन स्थापित क्षमता के लक्ष्य को पूरी करने के लिए, देश को अपनी अक्षय ऊर्जा क्षमता को 2.5 गुना बढ़ाने की आवश्यकता है। इसके लिए लगभग 30 लाख करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश की आवश्यकता होगी । इरेडा इस परिवर्तन कार्य के वित्तपोषण के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाना जारी रखा हुआ है ।